BSES

ऐप बताएगा, आपके घर पहुंचा बिजलीकर्मी असली है या नकली

नई दिल्लीः 20 नवंबर। बीएसईएस ने एक सॉफ्टवेयर तैयार किया है, जो उपभोक्ताओं को नकली बिजलीकर्मियों द्वारा ठगे जाने से बचाएगा। *बीवाईपीएल रेप्रजेंटेटिव चेक* नामक इस सॉफ्टवेयर को बीएसईएस के मोबाइल ऐप में फिट किया गया है, जो तुरंत यह बता देगा कि सामने खड़ा व्यक्ति बीएसईएस का प्रतिनिध है या नहीं।

दरअसल, नकली बिजलीकर्मियों द्वारा उपभोक्ताओं के साथ ठगी के मामले आए दिन सामने आते रहते हैं। यही नहीं, मीटर रीडिंग, बिल डिस्ट्रिब्यूशन, आदि के नाम पर घर में घुसकर लूट–पाट जैसी घटनाएं भी उजागर हुई हैं। कई मामलों में ठगों की गिरफ्तारियां भी हुई हैं, लेकिन इसके बावजूद भोले–भाले उपभोक्ता उनके झांसे में आ जाते हैं, क्योंकि बिजलीकर्मियों की पहचान सुनिश्चित करने का कोई कारगर उपाय उनके पास नहीं था। ऐसे मामलों को ध्यान में रखकर ही बीएसईएस ने यह सॉफ्टवेयर तैयार किया है।

जैसे ही कोई व्यक्ति खुद को बिजलीकर्मी बताते हुए आपके घर आता है, तो आप सबसे पहले उसका एंप्लॉई आईडी पूछकर उसे बीएसईएस मोबाइल ऐप में डालें। अगर वह असली बिजलीकर्मी है, तो एंप्लॉई आईडी डालते ही उस कर्मचारी की फोटो सहित उससे जुड़ी सारी जानकारियां आपके फोन के स्क्रीन पर आ जाएंगी। अगर वह बीएसईएस से जुड़ा व्यक्ति नहीं है, तो आपके फोन के स्क्रीन पर उस व्यक्ति से जुड़ा कोई विवरण नहीं आएगा। और इस तरह, यह साफ हो जाएगा कि आपके घर आया बिजलकर्मी कोई ठग है, बीएसईएस का प्रतिनिधि नहीं।

फिलहाल यह सेवा, पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर बीएसईएस के पूर्वी और मध्य दिल्ली के उपभोक्ताओं के लिए शुरू की गई है। जल्द ही सेवा बीएसईएस के दक्षिण और पश्चिम दिल्ली के उपभोक्ताओं के लिए भी उपलब्ध होगी।

कैसे करें उपयोगः

- सबसे पहले बीएसईएस का मोबाइल ऐप डाउनलोड करें
- उसके बाद *बीवाईपीएल रेप्रजेंटेटिव चेक* के ऑप्शन पर क्लिक करें
- आपके घर आए बिजलीकर्मी का एंप्लॉई आईडी पूछें और उसे अपने फोन के स्क्रीन पर एंटर करें
- एंप्लॉई आईडी एंटर करते ही, उस बिजली कर्मी का नाम, फोटो, एंप्लाई आईडी संख्या, पद, ऑफिस का पता, विभाग, आईडी कार्ड की वैधता जैसी सारी जानकारियां आपके मोबाइल फोन के स्क्रीन पर आ जाएंगी

बीएसईएस मोबाइल ऐप आईफोन और एंड्रॉयड, दोनों प्लेटफॉर्मों पर काम करता है और इसे बीएसईएस का कोई भी उपभोक्ता डाउनलोड कर सकता है।

सावधान रहें:

बीएसईएस ने अपने उपभोक्ताओं को सलाह दी है कि वे ऐसे असामाजिक तत्वों से सावधान रहें, जो लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं और साथ ही, कंपनी की छवि भी खराब कर रहे हैं। बीएसईएस का यह भी कहना है कि मामला चाहे कुछ भी हो, उपभोक्ता ऐसे तत्वों के दबाव या झांसे में न आएं और उनके झूठे आश्वासनों में न फंसें। किसी भी शर्त पर उन्हें पैसे न दें। एन्फोर्समेंट से संबंधित सभी तरह के जुर्माने, फाइन आदि का भुगतान बीएसईएस ऑफिस में ही हो सकता है, उपभोक्ता के घर पर नहीं। याद रखें, बीएसईएस का कोई भी प्रतिनिधि अपने ऑफिस काउंटर से बाहर कैश/नकद में कोई भी भुगतान लेने के लिए अधिकृत नहीं है।

जैसे ही उपभोक्ताओं को कुछ शक हो, वे तुरंत निकटतम बीएसईएस ऑफिस को इस बारे में बताएं, या फिर 26273311/ 39999707– बीआरपीएल व 8010930719/ 39999808 – बीवाईपीएल पर फोन करें। या, 100 नंबर पर पुलिस को बताएं।

प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल और बीवाईपीएल, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के बीच संयुक्त उद्यम हैं।

———————————————————————————————————————